**तैयारी** 1500 एकड़ जमीन पर बनाई जानी है टाउनशिप, लखनऊ से आई समिति ने दी मंजूरी

# दस गांवों की जमीन पर बनेगी टाउनशिप

संकल्प रघुवंशी

मेरठ। गंगा एक्सप्रेसवे और हापुड़ रोड के बीच 10 गांवों की 1500 एकड़ जमीन पर नई टाउनशिप का रास्ता साफ हो गया है। लखनऊ से आई समिति ने इसे हरी झंडी दे दी है। नववर्ष जनवरी से किसानों से जमीन लेने की प्रक्रिया शुरू होगी।

कॉस्ट सर्वे के मुताबिक प्रति वर्ग मीटर 30 से 35 हजार रुपये के करीब दर रहेगी। किसानों को आवास विकास दोगुनी कीमत का ही मुआवजा देगा। शहर के बीच आ रहे गांवों को ग्रामीण क्षेत्र के तहत नहीं बल्कि शहरी क्षेत्र में गिना जाएगा।

जागृति विहार एक्सटेंशन योजना के 19 साल बाद आवास विकास कोई योजना ला रहा है। चंदसारा, जुर्रानपुर, शाकरपुर, बाजौट, जाहिदपुर, ततीना सानी, सलेमपुर, गगोल, नरहेड़ा, ढिकौली गांव की 1500 एकड़ जमीन चिह्नित की गई है।

## 60 लाख का होगा 200 वर्ग मीटर का मकान

अफसरों के मुताबिक योजना के लिए कराए गए कॉस्ट सर्वे के मुताबिक टाउनशिप में 30 से 35 हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर होगी। ऐसे में 200 वर्ग मीटर का मकान साठ लाख रुपये के करीब होगा। इसमें उच्च आय वर्ग, मध्यम आय वर्ग, दुर्बल आय वर्ग, ईडब्लूएस आवास का निर्माण होगा। इसके अलावा जागृति विहार, शास्त्रीनगर आदि योजनाओं की ही तरह अलग-अलग क्षेत्रफल के भूखंड भी उपलब्ध होंगे। वर्टिकल कल्चर को भी इस योजना में अपनाया जाएगा।

- **मेडा की टाउनशिप से 1.85 लाख को मिलेगा घर:** मेडा की परतापुर-मोहिउद्दीनपुर में प्रस्तावित न्यू टाउनशिप में एक लाख 85 हजार लोगों को आशियाना मिलेगा। मुख्य नगर नियोजक विजय कुमार सिंह ने बताया कि इसमें 41 हजार परिवार रह सकेंगे। परतापुर-मोहिउद्दीनपुर के बीच 142 हेक्टेयर में प्रदेश की पहली इंटीग्रेटेड टाउनशिप के लिए शासन 750 करोड़ रुपए के बजट की मंजूरी दे चुका है। अभी तक 400 करोड़ प्राधिकरण को मिल चुके हैं। न्यू टाउनशिप में मिश्रित भू उपयोग के कारण न केवल रिहाइश होगी बल्कि व्यवसायिक, औद्योगिक, शैक्षिक गतिविधियां भी होंगी। ऐसे में जहां एक लाख 85 हजार परिवार रह सकेंगे तो वहीं ढाई लाख लोग काम भी करेंगे।
- **टाउनशिप की हर ओर से होगी कनेक्टिविटी:** जहां नई टाउनशिप का प्रस्ताव तैयार किया गया है, वह क्षेत्र अब शहर की सीमा के भीतर ही है। गंगा एक्सप्रेसवे का 70 फीसदी से अधिक काम पूरा हो चुका है। इसके बन जाने के बाद मेरठ से प्रयागराज छह घंटे में पहुंच सकेंगे।